तो क्या तुम मुझसे अरब क़बीलों के बारे में पूछ रहे हो? उनमें से जो लोग जाहिलियत काल में श्रेष्ठ थे, वे इसलाम में भी श्रेष्ठ हैं, जब इसलाम का ज्ञान प्राप्त कर लें।

अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अंहु) कहते हैं कि किसी ने कहाः ऐ अल्लाह के रसूल, सबसे उत्तम व्यक्ति कौन है? आपने फ़रमायाः "जो सबसे अधिक अल्लाह का भय खाने वाला हो।" लोगों ने कहाः हम आपसे इसके बारे में नहीं पूछ रहे रहैं। आपने फ़रमायाः तो यूसुफ़ (अलैहिस्सलाम) हैं, जो अल्लाह के नबी, अल्लाह के नबी के बेटे, अल्लाह के नबी के पोते और अल्लाह के प्रिय मित्र के पड़पोते हैं।" उन्होंने कहाः हम आपसे इसके बारे में भी नहीं पूछ रहे हैं। फ़रमायाः "तो क्या तुम मुझसे अरब क़बीलों के बारे में पूछ रहे हो? उनमें से जो लोग जाहिलियत काल में श्रेष्ठ थे, वे इसलाम में भी श्रेष्ठ हैं, जब इसलाम का ज्ञान प्राप्त कर लें।" [सह़ीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3069